कार्यालय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, बांदा

विज्ञप्ति संख्या– 1 /नियुक्ति /मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण/2024 / दि. 05 अगस्त2024

<u>विज्ञप्ति</u>

उ.प्र.शासन के पत्र संख्या एम.ए.सी.टी.73/ 30.03.2020 तथा पत्र संख्या रिट–317/ 30.03.2022 के कम में जनपद बांदा में माह सितम्बर 2024 के बाद रिक्त होने वाले स्टेनो ग्राफर के एक पद की नियुक्ति हेतु आवेदनपत्र आमंत्रित किये जाते हैं। पद का विवरण निम्नवत है–

पद नाम	पद की संख्या	नियोजन की प्रकृति
स्टेनो ग्राफर	एक	संविदा के आधार पर

इच्छुक एवं अर्ह अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप पर अपना आवेदनपत्र दिनांक. 27.08.2024 तक कार्यालय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण,सिविल कोर्ट परिसर,बांदा में डॉक द्वारा प्रेषित कर सकते हैं या स्वयं प्राप्त करवा सकते हैं। दिनांक 27.08.2024 को शाम 5बजे के पश्चात कोई प्रार्थनापत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।

नियुक्ति के संबन्ध में अन्य शर्ते व विवरण निम्नवत हैं–

1. स्टेनो ग्राफर के पद पर नियोजित कर्मचारी की संविदा के आधार पर नियुक्ति की जायेगी। ऐसे कर्मचारी को वेतन के रूप में प्राप्त होने वालीराशि संबन्धित कर्मचारी के अन्तिम आहरित वेतन में से शुद्ध पेंशन की धनराशि(राशिकरण के पूर्व) को घटाने के पश्चात प्राप्त होने वाली धनराशि के बराबर होगी।

2. आवेदन करने वाले अभ्यर्थी को शार्ट हैंण्ड हिंदी की जानकारी होनी चाहिये तथा कम्पयूटर पर टाईप करने, फाइल बनाने आदि का ज्ञान होना चाहिये।

3. आवेदक की आयु 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये।

4. अभ्यर्थी के 65 वर्ष की आयु पूर्ण करते ही उसकी सेवा समाप्त हो जायेगी।

5. पद पूर्णतया अस्थायी है। यदि उ.प्र. शासन या मा.उच्च न्यायालय द्वारा स्टेनो ग्राफर के पद पर किसी स्थायी कर्मचारी की नियुक्ति की जाती है तो आवेदक की नियुक्ति स्वतः समाप्त मानी जायेगी।

6. अभ्यर्थी को आवेदनपत्र के साथ घोषणापत्र, सेवा निवृत्त होने का प्रमाणपत्र, तथा सेवा निवृत्ति के समय प्राप्त होने वाले वेतन का विवरण प्रस्तुत करना होगा। इसके अतिरिक्त आवेदनपत्र के प्रारूप में वर्णित अन्य प्रपत्रों को भी संलग्न करना होगा।

7. आवेदनपत्र का प्रारूप मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण,बांदा के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

8. स्टेनो ग्राफर की नियुक्ति चयन समिति द्वारा की जायेगी। नियुक्ति के संबन्ध में चयन समिति का निर्णय अन्तिम होगा।

5.8.24

पीठासीन अधिकारी

मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण,बांदा

मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण बांदा मे स्टेनोग्राफर के पद पर संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु

आवेदन पत्र

विज्ञप्ति संख्या –01 /नियुक्ति/मो0दु0दा0धि0/2024/बांदा **दिनांक 05 अगस्त 2024**

पासपोर्ट साइज की फोटो लगायें

1. आवेदित पद का नाम–
2. आवेदक का नाम–
3. पिता/पति का नाम–
4. जन्मतिथि– .... (प्रमाण पत्र की स्व प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)
5. पत्र व्यवहार का पूर्व पता एंव मोबाइल नम्बर–
6. आधार नम्बर–.................................... (आधार कार्ड की स्व प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)
7. गृह जनपद–
8. सेवानिवृत्ति का विवरण
    1. सेवानिवृत्ति की तिथि–
    2. विभाग का नाम–
    3. सेवानिवृत्ति के समय धारित पद नाम–
    4. अन्तिम आहरित वेतन–
    5. मूल पेंशन की धनराशि बिना महगांई भत्ते के–
    6. पी0पी0ओ0 संख्या–
9. अन्य योग्यता यदि कोई हो तो–

दिनांकः–

आवेदक के हस्ताक्षर

पूरा नाम–

पता–

मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, बांदा में स्टेनो ग्राफर के पद पर आवेदनपत्र के साथ संलग्न किये जाने वाला घोषणा पत्र

मैं .... आयु..................पुत्र/ पुत्री श्री....................

यह घोषणा करता/ करती हूं कि–

1. आवेदनपत्र में जो जानकारी दी गयी है वह सही है, कोई बात छिपाई नहीं गयी है। यदि भविष्य में यह पाया जाता है कि मैंने किसी बात को छिपाया है या गलत सूचनायें दी हैं तो मेरी नियुक्ति तत्काल समाप्त कर दी जाये।

2. यदि भविष्य में उ.प्र. शासन या मा.उच्च न्यायालय द्वारा आवेदित पद के लिये स्थायी कर्मचारी की नियुक्ति कर दी जाती है तो मेरी नियुक्ति स्वतः समाप्त हो जाने पर मुझे कोई आपत्ति नहीं है।

3. मैंने अपने पूर्व नियुक्ति वाले विभाग से सेवा निवृत्त होने का प्रमाणपत्र तथा सेवा निवृत्त के समय प्राप्त होने वाले वेतन का विवरण संलग्न कर दिया है जो सही है।

दिनांक–

आवेदक के हस्ताक्षर

स्थान–

आवेदक का नाम–

पूरा पता–